# गडकरी ने यूपी के लिए खोला खजाना

## कानपुर-भोपाल इकोनॉमिक कॉरिडोर व चार एक्सप्रेसवे की घोषणा

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने लोकसभा चुनाव से पहले यूपी के लिए खजाना खोल दिया है। प्रदेश के लिए 3775 करोड़ रुपये की परियोजनाओं के उद्घाटन व शिलान्यास समारोह को संबोधित करते हुए उन्होंने एक इकोनॉमिक कॉरिडोर व चार एक्सप्रेसवे के निर्माण की घोषणा की।

लखनऊ के महर्षि विश्वविद्यालय में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में नितिन गडकरी, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 3300 करोड़ रुपये की लागत से लखनऊ-सीतापुर खंड में मड़ियांव आईआईएम क्रॉसिंग पर 4 लेन एलिवेटेड कॉरिडोर और अलीगढ़-कानपुर खंड के नवीगंज से मित्रसेनपुर के 4 लेन सड़क चौड़ीकरण का लोकार्पण किया। इसके अलावा गडकरी ने सीतापुर शहर, बिसवा-सीतापुर रेलवे स्टेशन और लखनऊ-सीतापुर रोड पर सिधौली में आरओबी निर्माण की घोषणा की है। >> संबंधित पेज 3 पर

**3775** करोड़ रुपये की परियोजनाओं का उद्घाटन व शिलान्यास किया



लखनऊ में विकास परियोजनाओं का लोकार्पण व शिलान्यास करते केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, सीएम योगी आदित्यनाथ और डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक। अमर उजाला

### एक्सप्रेसवे व इकोनॉमिक कॉरिडोर

कानपुर-भोपाल इकोनॉमिक कॉरिडोर, गोरखपुर-सिलीगुड़ी ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, गोरखपुर-शामली ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे, वाराणसी से कोलकाता ग्रीनफील्ड एक्सप्रेसवे और गाजीपुर से बलिया मांझीघाट लिंक एक्सप्रेसवे का निर्माण होगा।

### 2014 से पहले केंद्र सरकार अनिर्णय की शिकार थी : योगी

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि 2014 से पहले कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार अनिर्णय की शिकार थी। जनता में सरकार को लेकर अविश्वास था। इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर था और भ्रष्टाचार चरम पर। पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी सरकार की ओर से शुरू की गई परियोजनाएं आगे नहीं बढ़ रही थीं। न ही कोई नई परियोजना शुरू हो रही थी। लेकिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते नौ वर्षों में भारत सुरक्षा के साथ ही हर क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। आज कोई दुश्मन भारत की ओर से टेढ़ी निगाह से नहीं देख सकता है। ब्यूरो

### मोदी के विजन व योगी के मिशन के अनुरूप हो रहा विकास : राजनाथ

लखनऊ। रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विजन व सीएम योगी के मिशन के अनुरूप लखनऊ समेत यूपी के विकास का नया अध्याय लिखा जा रहा है। सीएम योगी नए यूपी के निर्माण में पूरे मनोयोग से लगे हुए हैं। लखनऊ को वर्ल्ड क्लास सिटी बनाने के लिए उसके हिसाब से इन्फ्रास्ट्रक्चर का विकास हो रहा है। योगी ने यूपी की अर्थव्यवस्था को वन ट्रिलियन डॉलर बनाने का लक्ष्य रखा है, जो निकट भविष्य में पूरा होकर रहेगा। उन्होंने कहा दुनिया की जानी-मानी वित्तीय फर्म मार्गन स्टेनले ने विश्वास व्यक्त किया है कि 2027 तक भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी बन जाएगी। ब्यूरो